
आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :13 अंक :379 पृष्ठ -4 दिनांक 22 जनवरी 2025 दिन बुधवार

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जनवरी को उत्तराखंड में करोड़ों की परियोजनाओं की रखेंगे नींव, तैयारियां तेज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जनवरी को उत्तराखंड दौरे पर आएंगे. उनके आगमन को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं. प्रधानमंत्री 38वें राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ करने के साथ ही राज्य में 50 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे. मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने संबंधित अधिकारियों को प्रधानमंत्री के दौरे से जुड़ी सभी तैयारियां तय समय पर पूरी करने के निर्देश दिए हैंप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देहरादून में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे. इस मौके पर वे राज्य खेलविश्वविद्यालय और चंपावत महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की नींव रखेंगे. इसके अलावा, प्रधानमंत्री कई अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं का भी शिलान्यास करेंगे.नियोजन विभाग के अपर सचिव आनंद स्वरूप ने सभी विभागों के सचिवों को पत्र भेजकर इन योजनाओं का विस्तृत ब्योरा मांगा है. विभागों को अपनी योजनाओं की जानक.ारी सेतु आयोग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है.राज्य सरकार प्रधानमंत्री के दौरे को सफल बनाने के लिए पूरी तरह सक्रिय हो गई है. मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राष्ट्रीय खेलों और प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी तैयारियां



समय से पहले पूरी की जाएं और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सुगमता से संचालित किया जाए.राष्ट्रीय खेलों के आयोजन स्थल पर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं. नगर निगम ने आयोजन स्थल के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया है. साथ ही, आयोजन स्थल के पास चार हजार से अधिक वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है. नगर आयुक्त नमामि बंसल ने बताया कि पार्किंग से जुड़ी सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी सौंप दी गई है.प्रधानमंत्री के दौरे से पहले देहरादून नगर निगम ने शहरभर में विशेष सफाई अभियान शुरू कर दिया है. आयोजन स्थल के आसपास सड़कों की मरम्मत और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. नगर आयुक्त ने बताया कि सफाई और व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए अधिकारियों की टीम तैनात की गई है.वीवीआईपी दौरे को देखते हुए सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिए गए हैं. आयोजन स्थल और उसके आसपास सीसीटीवी कैमरों की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है. यातायात प्रबंधन को लेकर भी विशेष योजना तैयार की गई है ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो.क्या बोले सीएम धामी?प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड दौरे से राज्य में खेलों को बढ़ावा मिलेगा. राज्य खेल विवि और महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना से युवा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह दौरा राज्य के लिए ऐतिहासिक होगा और प्रधानमंत्री की उपस्थिति से राष्ट्रीय खेलों को नई पहचान मिलेगी.प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के दौरान जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा, उनमें शिक्षा, खेल, बुनियादी ढांचे और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं. इन परियोजनाओं से राज्य के विकास को नई दिशा मिलेगी और जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी.प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर जनता में उत्साह का माहौल है. आयोजन स्थल और शहर में पोस्टर और बैनरों से स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं. स्थानीय निवासियों का मानना है कि प्रधानमंत्री के आगमन से राज्य को नई सौगातें मिलेंगी और विकास कार्यों में तेजी आएगी.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दौरा उत्तराखंड के लिए न केवल खेल क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि राज्य के विकास में भी एक नया अध्याय जोड़ेगा. 28 जनवरी का यह दिन राज्य के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की नींव रखेगा, जो उत्तराखंड के भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में एक कदम होगा.

## योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना -2 के तहत बुजुर्गों, विधवा और परित्यक्त महिलाओं को अतिरिक्त अनुदान देगी

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना -2 शहरी को लागू करने जा रही है. जिसके तहत राज्य सरकार बुजुर्गों, विधवा और परित्यक्त महिलाओं को राज्य सरकार की ओर से बड़ी राहत दी जाएगी. योजना के तहत दुर्बल आय वर्ग, निम्न आय वर्ग के साथ मध्य आय वर्ग वालों को भी पात्र माना गया है. इस वर्ग के बुजुर्गों को निर्धारित राशि के साथ 30 हजार रुपये और विधवा व परित्यक्त महिलाओं को 20 हजार रुपये की अतिरिक्त अनुदान की मदद की जाएगी. एक साल के भीतर मकान बनाने वालों को 10 हजार रुपये बतौर पुरस्कार दिए जाएंगे. सीएम योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. जल्द ही नगर विकास विभाग की ओर से शासनादेश जारी किया जाएगा. कैबिनेट बैठक में लगेगी प्रस्ताव पर मुहरबुधवार को महाकुंभ प्रयागराज में सीएम योगी की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक से पहले 22 प्रस्तावों को कैबिनेट के बाई सर्कुलेशन स्वीकृति दे दी गई है. लेकिन सरकार की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पारित प्रस्तावों में से अहम फैसलों के बारे में कैबिनेट बैठक के बाद जानकारी दी जाएगी. कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए स्वीकृत किए प्रस्तावों में प्रधानमंत्री शहर आवास योजना-2 का प्रस्ताव भी जुड़ा है. इस योजना के तहत मौजूदा प्रावधान में लाभार्थियों को ढाई लाख रुपये का अनुदान देने की व्यवस्था है लेकिन अब प्रदेश सरकार ने इस योजना में बुजुर्गों, विधवा और परित्यक्त महिलाओं को भी शामिल करने का फैसला लिया है. जिन्हें राज्य सरकार अपने स्तर पर अतिरिक्त राशि देकर मदद करेगी. जिसमें बुजुर्गों को 30 हजार और विधवा व परित्यक्त महिलाओं को 20 हजार अतिरिक्त अनुदान दिया जाएगा. प्रस्ताव के मुताबिक इन मकानों को पांच साल तक न तो बेचा जा सकेगा और न ही दूसरे के नाम पर हस्तांतरित किया जा सकेगा. योजना में ऐसे परिवारों को पात्र माना जाएगा जिनका देश में कही अपना कोई मकान नहीं है. एक लाभार्थी परिवार में पति-पत्नी, अविवाहित पुत्र, पुत्री को माना जाएगा. योजना में विधवा, अविवाहित, महिलाओं, दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों, ट्रांस जेंडर्स, एससी-एसटी, अल्पसंख्यक व वंचित वर्ग को प्राथमिकता दी जाएगी.

## यूपी में फिर बदलेगा मौसम, अगले दो दिन आंधी-तूफान के साथ बारिश का अलर्ट

उत्तर प्रदेश में पिछले दो दिनों में सर्दी में कमी आई है, सोमवार को भी खिली-खिली धूप निकली जिससे लोगों ने राहत की सांस ली. लेकिन, अब एक बार फिर से मौसम बदलने जा रहा है. प्रदेश में दो नए पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहे हैं जिसका असर दिखाई देगा. मौसम विभाग ने अगले दो दिन नोएडा, गाजियाबाद समेत कई जिलों में बारिश का अनुमान जताया गया है. जबकि पूर्वी यूपी के ज्यादातर हिस्सों में घने कोहरे अलर्ट जारी किया गया है.मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर प्रदेश में आज मौसम शुष्क रहने की संभावना है. इस दौरान पश्चिमी यूपी के अलग-अलग स्थानों पर छिछला से मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है. इस दौरान 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चलने से ठंड की सरसराहट महसूस होती रहेगी, पूर्वी यूपी के कई जिलों में घना कोहरा छाये रहने की संभावना है. दो दिन बारिश और कोहरे का अलर्ट बुधवार से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर पश्चिमी यूपी के कई जिलों में दिखाई देगा. इस दौरान तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है. यहां पर कहीं-कही बार मेघ गर्जन के साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है. गुरुवार तक प्रदेश में ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया गया है. इसके बाद एक बार फिर से ठंड कम होने लगेगी. अगले दो दिन में न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है. हालांकि कोहरे की मार से राहत मिलते नहीं दिख रही है. यूपी में आज बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महारा.जगंज, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर और देवरिया में कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया गया है. जबकि बुधवार को नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, सहारनपुर, शामली,मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अम.रोहा, हापुड़, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, आगरा और फिरोजाबाद में तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है और कई जगहों पर वज्रपात की चेतावनी दी गई

## यूपी में लग्जरी गाड़ियों की बिक्री में रिकॉर्ड बढ़ोतरी, लेंबोर्गिनी-फरारी जैसी कारों के खरीददार बढ़े



उत्तर प्रदेश में बीते कुछ समय में लग्जरी कारों की बिक्री में तेजी से बढ़ोतरी हुई है. एक आकंड़े के मुताबिक पिछले साल के मुकाबले इस साल यूपी में एक करोड़ या इससे महंगी कारों की बिक्री ने नया रिकॉर्ड बनाया है. पिछल से साल यूपी में 3200 से ज्यादा बेशकीमती कारें बिकी थीं जिसमें इस साल 15 फीसद तक का उछाल आया है. इन महंगी कारों में लेम्बोर्गिनी, पॉर्श और फरारी जैसी महंगी कारें भी शामिल हैं. पिछले साल के मुकाबले इस साल महंगी कारों की बिक्री में इजाफा देखने को मिला है. इस लिस्ट में लेंबोर्गिनी और फरारी जैसी महंगी गाड़ियों की एंट्री हो गई है, जो पांच करोड़ रुपये तक की आती हैं. इन कारों की बिक्री के साथ ही उत्तर प्रदेश देश के टॉप थ्री महाराष्ट्र, दिल्ली और गुजरात जैसे राज्यों की सूची में आ गया है. इसके पीछे राज्य में कारोबारी माहौल में सुधार होने और स्व.रोजगार करने वालों की संख्या में हुई बढ़ोतरी को एक वजह माना जा रहा है. महंगी कारों की बिक्री में हुई बढ़ोतरी यूपी में महंगी कारों की बिक्रीअप्रत्याशित रही है. हिन्दी अखबार अमर उजाला के अनुसार राज्य के नोएडा, कानपुर, लखनऊ, आगरा, मुरादाबाद, गोरखपुर, प्रयागराज और मेरठ जैसे जिलों में तो महंगी कारों की डिमांड रही ही इनके साथ ही अयोध्या, झांसी, इटावा, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुरखीरी, कन्नौज और फर्रुखाबाद जैसे छोटे जिलों में भी महंगी कारों की बिक्री में तेजी आई है. राज्य में महंगी कारों की बिक्री से राज्य या उस शहर की आर्थिक स्थिति का आंकलन किया जा है. क्योंकि इस श्रेणी में 90 फीसद से ज्यादा ग्राहक वो होते हैं जो किसी कारोबार या व्यापार से जुड़े होते हैं. लग्जरी कारों की संख्या में बढ़ोतरी से पता चलता है कि राज्य में व्यापार के लिए माहौल सकारात्मक हुआ था. यूपी ने इस क्षेत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है. यूपी में इस एक साल में डुक.ाती कंपनी की सात गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया गया. इनमें 35 लाख की बाइक और 10 करोड़ रुपये की स्पोर्ट्स कार भी शामिल है. इसके अलावा दो लेंबोर्गिनी कारें जिनमें से एक कार की कीमत 5 करोड़ रुपये हैं और 29 पॉर्श कारों की बिक्री हुई है. ये कार चार करोड़ रुपये की आती है. महंगे सेगमेंट की कारों में 12 फीसद का इजाफा देखा गया है.

## अलवर पुल के पास मिला अधजला शव

मथुरा। हाईवे थाना क्षेत्र स्थित अलवर पुल के पास अधजली अवस्था में मिले युवक के शव की शिनाख्त छाता निवासी लव भार्गव के रूप में हुई है। परिजनों ने कपड़ों और सामान के आधार पर की है। पुलिस ने सोमवार को शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया। दोपहर में गमगीन माहौल में छात्र के शव का अंतिम संस्कार हुआ।थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार शाही ने बताया कि रविवार को अलवर पुल रेलवे ट्रैक के पास एक अधजले युवक का शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया। रात छाता के नगला थोक निवासी पीयूष भार्गव ने कपड़ों के आधार पर युवक की शिनाख्त अपने छोटे भाई लव भार्गव (26) के रूप में की। उन्हा.ने बताया कि 17 जनवरी को लव मथुरा के आरसीए कॉलेज में बीएड का पेपर देने गया था। अपने साथी के मोबाइल से पिता हरीश चंद भार्गव को फोन करके अच्छा पेपर होने की जानकारी दी, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा।छाता निवासी महेश चंद भार्गव ने बताया कि लव उनका भतीजा था। वह प्रथम वर्ष का छात्र था। पूर्व में पेपर छूट गया था। 17 जनवरी को री-पेपर देने के लिए आया था, लेकिन लौटकर नहीं आया। घर से मात्र 100 रुपये लेकर गया था। उन्होंने बताया कि हत्या कर चेहरा जलाया गया है। लव के दोनों हाथों में अंतर था। एक हाथ भारी था तथा दूसरा हल्का था। इसी आधार पर उसकी शिनाख्त हुई है। साथ ही जेब से उसका पहचान पत्र भी मिला है। लव को दस्त हो रहे थे, इसलिए घर से साबुन का टुकड़ा लेकर गया था। वह साबुन का टुकड़ा भी मिला है। लव घर में सबसे छोटा था। लव एकदम शांत स्वभाव का था और प्रेमानंद महाराज के प्रवचन सुनता था। घर की माली हालत सुधारने के लिए बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता था। पिता तहसील में निजी स्तर पर काम करते हैं। ई-रिक्शा के पीछे चल रहीं थीं दो संदिग्ध कारें पिता ने बताया कि उनका बेटा कॉलेज से पेपर देकर निकला और ई-रिक्शा में सवार हुआ। कॉलेज से लेकर डीग गेट तक दो कारें ई-रिक्शा के पीछे चलती दिखाई दे रही हैं। उन्हें शक है कि हत्यारे इन्हीं गाड़ी में हो सकते हैं। हालांकि थाना गोविंद नगर प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह ने बताया कि उन्हें भी शक हो रहा था, इसलिए उन्होंने सीसीटीवी से कार को देखा, लेकिन युवक कार में नहीं बैठा है। उन्होंने बताया कि गुमशुदगी को हत्या में तरमीम कर लिया है। डीग गेट से होलीगेट और श्रीकृष्ण जन्मस्थान जाने वाले रास्ते पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। शरीर पर नहीं था कोई चोट का निशान, विसरा सुरक्षित हाईवे थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार शाही ने बताया कि युवक का चेहरा जला था। उसके कपड़े भी ट्रैक पर एक तरफ रखे थे, लेकिन शरीर पर कहीं भी चोट का निशान नहीं था। संभवतः विषाक्त देकर उसकी हत्या की गई हो, इसके बाद पहचान छिपाने के लिए चेहरा जलाया। विसरा सुरक्षित कर लिया है। विसरा जांच के बाद ही पता चलेगा कि युवक की मौत कैसे हुई।छात्र की हत्या के खुलासे के लिए 6 टीमों का गठन किया है। जल्द ही मामले का खुलासा होगा। गोविंद नगर पुलिस 18 जनवरी से ही मामले की जांच में जुटी है।

## प्रेमानंद महाराज के दरबार पहुंचे संभल के चर्चित DM राजेंद्र पेंसिया, संत ने पढ़ाया धर्मयुद्ध का पाठ

उत्तर प्रदेश में संभल को लेकर चर्चा में रहे जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया मथुरा पहुंचे. जहां उन्होंने वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज के दरबार में हाजिरी लगाई और उनके प्रवचनों को सुना. इस दौरान प्रेमानंद महाराज ने उन्हें डीएम पद के कर्तव्यों का निर्वहन करने का मंत्र दिया और कहा कि जो भी धर्म युद्ध का पूरी ईमानदारी से निभा रहा है वहीं संत है. हर बाधा का निडरता से सामना करें. वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज के देश-विदेश में भक्त हैं. लाखों श्रद्धालु उनके दरबार में पहुंचते हैं. पिछले दिनों भारतीय क्रिकेटर विराट कोहरी और अनुष्का शर्मा भी उनके प्रवचन सुनने वृंदावन पहुंचे थे और अब संभल में अपने एक्शन को लेकर चर्चाओं में रहे जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया भी प्रेमानंद महाराज के दरबार में पहुंचे और उनके प्रवचन सुने. इस दौरान दोनों के बीच बातचीत भी हुई. राजेंद्र पेंसिया ने महाराज से आशीर्वाद मांगा ताकि वो अपने कर्तव्यों का पालन कर सके.प्रेमानंद महाराज के दरबार में पहुंचे संभल डीएम संभल डीएम ने प्रेमानंद महाराज को प्रणाम करते हुए अपना परिचय दिया. जिसके बाद महाराज ने उनसे कहा कि आपके पद में कभी प्रलोभन की वजह से कोई त्रुटि न हो. हमेशा अपने कर्तव्यों और दायित्वों का बिना किसी भय के निडरता से निर्वहन करें. महाराज ने डीएम से कहा कि जो भी व्यक्ति पूरी ईमानदारी के साथ धर्म युद्ध में अपने कर्तव्यों का पालन कर रहा है वहीं असली संत है. हर बाधा का कानूनी नियमों के तहत निडरता से पालन करते रहे.

# नवागत जिलाधिकारी संजीव रंजन ने पत्रकार बंधुओं से की भेंट वार्ता

## प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनहित के विकास कार्यों एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से कराएंगे पूरा

अलीगढ़ : नवागत जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में प्रेस संवाददाताओं से भेंट वार्ता कर सभी से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि वह मूल रुप से बिहार राज्य के नालंदा जिले के निवासी और भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2013 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और आईआ. ईटी धनवाद से बी–टेक किये है। संभल जिला उनका जिलाधिकारी के रूप में पहला, सिद्धार्थनगर दूसरा, प्रतापगढ़ तीसरा जनपद रहा एवं चौथे जनपद के रूप में उन्हें अलीगढ़ जिले की कमान सौंपी गई है। वह इसके पहले गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ के साथ ही कुशीनगर में संयुक्त मजिस्ट्रेट व सहारनपुर के सीडीओ का दायित्व भी निभा चुके है। उनकी व्यक्तिगत रूचि बागवानी एवं फोटोग्राफी है।जिलाधिकारी ने कहा कि उनका सा.



भाग्य है कि उन्हें अलीगढ़ वासियों की सेवा करने का अवसर मिल रहा है। शासन द्वारा संचालित विकासपरक योजनाओं को पात्र एवं जरूरतमंदों तक पहुॅचाना, सुदृढ़ कानून व्यवस्था के साथ ही जनसमस्याओं, शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा। प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनहित के विकास कार्यों एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से पूरा कराएंगे। यदि कहीं अन्तर्विभागीय समन्वय की कमी महसूस होगी तो उसे दूर कराया जाएगा। संवाददाताओं से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि अलीगढ़ महानगर होने के साथ ही यहां बड़े भू–भाग पर कृषि कार्य भी होता है। नगरीय क्षेत्र के साथ ही दूरदराज के ग्रामीण अंचलों में भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। किसानों बन्धुओं से जुड़े तमाम प्रकार के मामलों का हरसंभव हल ढूढ़ा जाएगा। भेंट वार्ता के दौरान संवाददाताओं ने शहर में यातायात व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, जलभराव, यातायात के नियमों का पालन कराने, साफ–सफाई समेत अन्य मामलों की तरफ भी जिलाधिकारी का ध्यानाकर्षण कराया।इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट, अपर जिला सूचना अधिकारी मनोरमा सिंह समेत पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

## सनातन संस्कृति को समर्पित होगा अखलेश्वर महादेव मन्दिर का गणेशोत्सव



अलीगढ़। अखलेश्वर महादेव मन्दिर रघुवीरपुरी का 7 सितम्बर से होने वाला गणेशोत्सव सनातन संस्कृति को समर्पित होगा। यह जानकारी मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश गौड़ ने दी। उन्होंने बताया कि बाबा बर्फानी भक्त मण्डल के सहयोग से मन्दिर पर 5 सितम्बर को ईको फ्रैण्डली गणेश मूर्तियों का निरूशुल्क वितरण किया जायेगा।इन ईको फ्रैण्डली मूर्तियों में पंच गव्य के साथ–साथ सभी ग्रहों से सम्बन्धित अनाज डाले गए हैं, जिससे मूर्तियों के गल जाने पर यह अन्न जलचरों के भे. जने के काम आ सकें। उन्होंने बताया कि पीओपी की मूर्ति के गंगाजी में विसर्जन पर नदी की सतह खराब होती है। साथ ही जहरीले रंगों से मछलियाँ भी मर जाती हैं।मन्दिर के सचिव मनोज अग्रवाल ने बताया कि इस बार मन्दिर में पार्थिव शिवलिंग पूजन 12 सितम्बर को तथा रिद्धि–सिद्धि अनुष्ठान 14 सितम्बर को आयोजित किया जा रहा है। इस पूजन में सभी श्रद्धालु भक्त भाग ले सकते हैं। इसका कोई शुल्क नहीं है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सैंकड़ों साल पुराने अखलेश्वर महादेव मन्दिर में उज्जैन की भांति ही महाकाल भस्म आरती का आयोजन भी 16 सितम्बर को किया जायेगा।ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष ब्रजमोहन वार्ष्णेय ने बताया कि 7 सितम्बर को श्रीगणेश स्थापना के साथ ही पंडित मेघश्याम की भजन संध्या, 8 सितम्बर को राधा–कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता, 10 सितम्बर को बाबा नीम करौरी की भजन संध्या तथा 12 सितम्बर को वृंदावन की गौसुता वृंदा किशोरी एवं भैया ब्रज किशोर की भजन संध्या और 15 सितम्बर को देशभक्ति पर आधारित 'माँ तुझे सलाम' कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा व देवेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि पीओपी मूर्तियों से होने वाली पर्यावरण की हानि को लेकर 2 सितम्बर से जागरुकता अभियान विद्यालयों में चलाया जायेगा, जिससे छात्र–छात्रायें व उनके अभिभावक को जागरुक करके गंगाजी को प्रदूषित होने से बचाया जा सके।कार्यक्रम मे 1– सतीश गौड १. सतेन्द्र प्रकाश गुप्ता 3– मनोज अग्रवाल ५. प्रवीण वार्ष्णेय 5– वृजमोहन वार्ष्णेय 6. ज्ञानेन्द्र गुप्ता7. नवीन शर्मा8. सुभाष गौतम९. मुकेश सिंघल आदि लोग उप. स्थित रहे ।

## अलीगढ की प्रथम महिला देहदानी राधादेवी की पुण्यतिथि पर बच्चों को बांटे गर्म वस्त्र



अलीगढ़ मानव कल्याण के लिए अपने शरीर का दान कर देने वाली महानगर अलीगढ की प्रथम महिला देहदानी राधादेवी की पुण्यतिथि पर देहदान कर्तव्य संस्था के संरक्षक राजाराम मित्र ने परिवार सहित आगरा मार्ग स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पर पहुंचकर पढ़ रहे छात्रों को गर्म स्वेटर , बिस्किट , बालपेन आदि वितरित किये । इस अवसर पर विद्यालय के आचार्यों को भी देहदान , रक्तदान एवं नेत्रदान के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर राजाराम मित्र , अटल कुमार वार्ष्णेय , नितिन वार्ष्णेय बंदूक वाले,भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , विद्यालय प्रधानाचार्य दिनेश जी , आचार्य राकेश जी आदि उपस्थित रहे ।

## अलीगढ़ में एक ही स्थान पर कीजिए चार धाम के दर्शन, 150 साल पुरानी नुमाइश में आस्था और आधुनिकता का संगम

यूपी के आलीगढ़ का 150 साल पुरानी नुमाइश इस साल भी धार्मिक आस्था का केंद्र रहने वाली है. नुमाइश को सरकारी औद्योगिक और कृषि प्रदर्शनी के नाम से भी जाना जाता है. पहली बार नुमाइश में आने वाले लोगों को चारधाम दर्शन का अनोखा अनुभव मिलने जा रहा है. इसके लिए श्रद्धालुओं को 50 रुपये खर्च करने होंगे. अलीगढ़ नुमाइश इस बार 1 फरवरी से 28 फरवरी तक रहेगी.चार धाम का निर्माणरू नुमाइश मैदान परिसर में 80 फीट चौड़ा और 70 फीट ऊंचा चार धाम अस्थायी मंदिर तैयार हो रहा. इन चारों मंदिरों को लकड़ी से बनाया गया है, जो देखने में दिव्य और भव्य लगेगा. दो दर्जन से अधिक कारीगर लगातार दिन–रात मेहनत कर रहे हैं और ये मंदिर 25 जनवरी तक बन कर तैयार हो जाएगा. आमतौर पर ऐसे निर्माण के लिए प्लास्टिक, लोहे या पत्थर का इस्तेमाल होता है, लेकिन लकड़ी का उपयोग इसे एक अलग ही सौंदर्य प्रदान करता है. मंदिर के निर्माण के बाद इसमें देवताओं की मूर्तियां स्थापित की जाएगी.50 रुपये में चार धाम के दर्शनरू इस मंदिर में यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ जैसे पवित्र धामों की झलक श्रद्धालुओं को मिलेगी. 200 से 300 लोग एक साथ दर्शन कर सकेंगे. जिस तरह चार धाम मंदिरों में लोग दर्शन करके जाते रहते हैं इसी तरह यहां पर भी श्रद्धालु दर्शन करके परिसर से निकलते रहेंगे. चार धाम दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को 50 रुपये का टिकट लेना होगा. ये कीमत इतनी रखी गई है कि अधिक से अधिक लोग इस अवसर का लाभ उठा सकें. दर्शन को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए हैं.चार धाम के आयोजक का 126वां प्रोजेक्टरू नुमाइश में समय के साथ बदलाव भी होते रहते हैं. हर साल यहां नए कार्यक्रम शामिल किए जाते हैं. पिछले साल वैष्णो देवी और केदारनाथ धाम के मॉडल प्रस्तुत किए गए थे. इस साल चार धाम दर्शन का श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक अनोखा अनुभव होगा. वहीं चार धाम थीम के आयोजक ग्वालियर के सुनील कुमार हैं. उन्होंने बताया कि ये उनका 126वां प्रोजेक्ट है. इससे पहले वे कई स्थानों पर चार धाम मॉडल का निर्माण कर चुके हैं. उनके अनुसार, इस नुमाइश में चार धाम को लेकर लोगों में खासा उत्साह है.

## व्यापारियों व उधमियों की मांगों को वजट में शामिल करें सरकार – प्रदीप गंगा आयुष्मान कार्ड की तर्ज पर व्यापारियों को मिले हेल्थ सुरक्षा कार्ड

अलीगढ़ उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उ प्र अलीगढ़ द्वारा आगामी 1फरवरी 2025 को आने वाले केंद्रीय बजट में व्यापारियों व उद्योगों के समक्ष आ रही कठिनाईयों एवं मांगों को लेकर एक ज्ञापन केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा के नेतृत्व में अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय को दिया गया।जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा व महानगर अध्यक्ष आलोक प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि बढ़ती हुई मंहगाई को ध्यान में रखकर नगद लेनदेन की सीमा बढ़ाकर 1 लाख आगामी बजट में शामिल की जाए।आयकर में छूट की सीमा को बढ़ाकर 10 लाख करने का प्रावधान लागू करें। आयकर व जी.एस.टी. देने वाले व्यापारियों के परिवार के लिए शिक्षा व स्वास्थ्य की मुफ्त व्यवस्था की जाए।जी.एस.टी. का सरलीकरण कर जी.एस.टी. की दरों की विभिन्नताए समाप्त की जाए जी.एस.टी. की दरें 0,5,12, तथा अधिकतम 18٤ रखी जाए तथा एक ट्रेड में सभी प्रकार के कारोबार पर एक ही दर रखी जाए। इससे व्यापारियों को सहूलियत होगी तथा सरलीकरण होने से सरकार का राजस्व बढ़ेगा। दैनिक इस्तेमाल की चीज जैसे अनाज(गैंहूॅ ,चावल,दाल,आटा मसाले ) कपड़ा आदि से जी.एस.टी. समाप्त किया जाय।आयकर दाता व जीएसटी में पंजीकृत व्यापारी ने उसके परिवार के लोगों को आयुष्मान कार्ड की तर्ज पर 10 लाख रुपए का व्यापारी हेल्थ सुरक्षा कार्ड वनाया जाए20 साल तक आयकर रिटर्न भरने वाले व्यापारियों को 40000٤ प्रतिमाह पेंशन दी जाए।नये घरेलू व कुटीर उद्योगों को 10 साल तक जी.एस.टी. व इनकम टैक्स से छूट दी जाये।आयकर दाता व्यापारी की किसी



भी प्रकार से मृत्यु होने पर 10 लाख का बीमा दिया जाये।मंडी समिति समाप्त किया जाए कुटीर व घरेलू उद्योगों व रिटेल व्यापार को बचाने के लिए आंनलाइन शॉपिंग पर 10 प्रतिशत अति. रिक्त कर लगाने की व्यवस्था की जाए तथा ई– कॉमर्स मार्केटिंग में जी.एस.टी. चोरी रोकने के लिए रेगूलर मार्केट मॉनि. टरिंग की व्यवस्था की जाए।

जिला महामंत्री एम ए खान गांधी , राकेश लीडर व संजीव अग्रवाल ने आनलाइन प्लेटफार्म जैसे फिलपकार्ट ने अमेजन जैसे पोर्टल द्वारा सीधे उपभोक्ता को सामान बेचा जाता है। जिससे आ. ईटीसी का गलत रूप से प्रयोग कर सरकार के राजस्व की चोरी की जा रही है इसलिए इस तरह के आंनलाइन पोर्टल द्वारा बेचे गए सामान पर जी.एस. टी. इनपुट क्रेडिट लेने पर रोक लगाई जाये।ज्ञापन देने वालों में प्रदेश संगठन मंत्री हरिकिशन अग्रवाल,जिला महामंत्री संजीव अग्रवाल,एम ए खान गांधी, राकेश लीडर, शिवकुमार पाठक, प्रमोद कुमार सिंह, कुशाल सिंह,चौ वीरेंद्र सिंह, सुमित एडमिन,अजय शर्मा, यशकुमार वावा, प्रदीप वर्मा,गोपाल राजपूत,रामपाल सिंह, कुलदीप सिंह टीटू,सचिन सागर,राहुल मित्तल ,हेमंत वालाजी, मोहसिन अंसारी, अंकित अग्रवाल,दीपक अग्रवाल,अमित सारस्वत, अरून कुमार, सतीश वार्ष्णेय,नीरज कुमार,रवि वार्ष्णेय, विनोद माहौर,रविन्द्र जोशी,आदि भारी तादाद में व्यापारी उपस्थित थे।

## संगीता सिंह नें आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ का संभाला कार्यभार



अलीगढ़ नवागत आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह ने मंगलवार को मण्डलायुक्त अलीगढ़ के तौर पर पदभार ग्रहण किया। संगीता सिंह 2009 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। वह इससे पूर्व वह जनपद सुल्तानपुर में बतौर जिलाधिकारी प्रशासनिक सेवाएं दे चुकी हैं और विगत लगभग 06 वर्ष से आयुष्मान भारतरू जन आरोग्य योजना में मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर कार्यरत रही हैं। आपके कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में लगभग 5.18 करोड़ लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जिसके माध्यम से 55 लाख से अधिक लोग 8800 से करोड़ से अधिक धनराशि का चिकित्सकीय लाभ ले चुके हैं और 6000 से अधिक चिकित्सालय इस योजना में सम्बद्ध हैं।नवागत कमिश्नर संगीता सिंह ने कार्यभार संभालने के बाद कमिश्नरी सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों से भेंटवार्ता की। उन्होंने कहा कि ताला, तालीम और अदब के शहर अलीगढ़ में शासन की योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करने के साथ ही स्मार्ट सिटी परियोजना, नगर निगम एवं एडीए के आपसी समन्वय से सुचारू यातायात एवं जल निकासी का वैज्ञानिक समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। कमिश्नर ने कहा कि उन्हें मण्डल में अच्छी टीम मिली है और आपसी समन्वय से शासकीय योजनाओं को प्राथमिकता व पारदर्शिता से धरातल पर उतारा जाएगा। अन्त में अपर जिला सूचना अधिकारी ने पत्रकार बन्धुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सेराजेम थेरेपी कैंप में पहले दिन 268 लोगों ने कराई निशुल्क थेरेपी



सेराजेम थेरेपी का निशुल्क कैंप आज रामघाट रोड अलीगढ पर स्थित प्रकाश लोज पेट्रोल पंप के सामने, कैनरा बैंक के नीचे ग्राउंड फ्लोर पर प्रातः 9 बजे से प्रारम्भ हुआ । पहले दिन 268 व्यक्तियों ने सेराजेम थेरेपी का लाभ लिया । इस अवसर पर निदेशक संदीप पांडे ने बताया कि सभी असाध्य रोगों की जड़ है आपकी रीढ़ की हड्डी । बचपन मे जिस प्रकार से माँ अपने बच्चे की कमर एवं रीढ़ की हड्डी की मालिश सुबह की गुनगुनी धूप में करती हैं जिससे बच्चा स्वस्थ रहता है । अगर उसी तरह से युवावस्था में भी आपकी स्पाइन की मालिश की जाए और सुबह की धूप में बैठा जाए तो आप लम्बा स्वस्थ जीवन जी सकते हैं । लेकिन आज कल इस तेज दौड़ भाग की जिंदगी में यह मुमकिन नही हो पा रहा है और आम व्यक्ति बुढ़ापे तक पहुँचते पहुँचते कई बीमारियों से ग्रस्त होता जा रहा है । सेराजेम थेरेपी आपकी स्पाइन पर हीट एवं मसाज का काम करती है । सेराजेम से निकलने वाली एफ आई आर रेज मनुष्य जीवन के लिए जीवन दायनी होती हैं । आम तौर पर दवाएं रोग को जड़ से दूर नही करती हैं और रोग को दबाने का ही कार्य करती हैं जबकी सेराजेम थेरेपी रोग को जड़ से भगाने का कार्य करती है ।संदीप पांडे ने आगे बताया कि सेराजेम थेरेपी के निशुल्क रेजिस्ट्रेशन 25 जनवरी तक कराये जा सकते हैं । रामघाट रोड अलीगढ पर स्थित प्रकाश लोज पेट्रोल पंप के सामने, कैनरा बैंक के नीचे ग्राउंड फ्लोर पर प्रातः 9 बजे से सांय 4 बजे तक यूँ ही चलता रहेगा । रजिस्ट्रेशन कराने वाले व्यक्तियों को 100 दिन की सेराजेम थेरेपी निशुल्क दी जायेगी । कार्यक्रम संयोजक संदीप पांडे ने बताया कि इस थेरेपी से विभिन्न शारीरिक समस्याओं से ग्रस्त रोगियों को काफी फायदा मिलता है । उन्होंने आगे बताया कि 27 जनवरी को सेराजेम की 20वी एनिवर्सरी के अवसर पर सम्पूर्ण देश भर में कई कार्यक्रम होंगे । अलीगढ महानगर में एनिवर्सरी कार्यक्रम में अवार्ड सेरेमनी , सांस्कृतिक कार्यक्रम , लकी ड्रा , कपल गेम आदि रोचक कार्यक्रमों के साथ साथ में भण्डारा भी होगा ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निदेशक संदीप पांडे , बृजेश तिवारी , भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक, दीपक पौल , दुष्यन्त शर्मा , नूरी कुरैशी , निशा भारद्वाज , लतेश ठाकुर , मधु भारद्वाज, सोनम , दीपिका वार्ष्णेय , सुशील वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे ।

# हाथरस श्याम नगर गोलीकांड में नया मोड़, मृतक सिपाही समेत सात पर सामूहिक दुष्कर्म मामला दर्ज

हाथरस के श्याम नगर कॉलोनी में 11 दिन पहले हुए गोलीकांड का मामला अब एक नया मोड़ ले चुका है. इस मामले में नए खुलासों के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है. मृतक सिपाही कुलदीप भाटी और उसके छह साथियों पर एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है. युवती गंभीर हालत में दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती है, जहाँ पुलिस उसके बयान दर्ज करने के लिए पहुंची है. हालांकि, अब इस मामले में एक नया मोड़ आया है. युवती की बहन की तहरीर (लिखित शिकायत) पर एक नया मामला दर्ज किया गया है, जिसमें मृतक सिपाही कुलदीप भाटी और उसके छह साथियों दृ अविनाश, आकाश, राहुल भाटी, प्रतीक, अनिल और पवन पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं.9 जनवरी को श्याम नगर कॉलोनी के एक किराए के मकान में सिपाही कुलदीप भाटी का शव मिला था. घटनास्थल पर एक युवती भी बिस्तर पर घायल अवस्था में पाई गई थी, जिसे गोली लगी थी. शुरुआत में, मृतक



सिपाही के पिता ने युवती पर हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी. युवती की बहन ने अपनी शिकायत में बताया है कि 7 जनवरी को कुलदीप भाटी ने उसकी बहन को हाथरस बुलाया और उसे अपनी कार में बैठाया. इसके बाद, कुलदीप और उसके दो साथियों ने युवती के साथ अलग-अलग जगहों पर सामूहिक दुष्कर्म किया. पीड़िता को धमकी दी गई और उसे गांव के बाहर छोड़ दिया गया.यह भी आरोप है कि कुलदीप भाटी और उसका एक सहयोगी अविनाश पहले भी युवती का शोषण करते रहे हैं. पीड़िता के अनुसार, जब भी उसने इसकी शिकायत करने की कोशिश की, तो उसे झूठे केस में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी जाती थी. पुलिस की कार्यवाही  पुलिस ने युवती की बहन की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है. पुलिस दिल्ली के अस्पताल में भर्ती युवती के बयान दर्ज करने की कोशिश कर रही है, जो इस मामले की जांच के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं.

## स्पेयर पार्ट्स की दुकानों पर छापा, नकली स्पेयर पार्ट्स बेचने में दो गिरफ्तार

गुरुग्राम में टीवीएस कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर अजय कुमार और जांचकर्ता पवन राघव ने बताया कि कंपनी को शिकायतें मिल रही थीं कि गंगीरी क्षेत्र में टीवीएस कंपनी का मार्का लगाकर आटो मोबाइल दुकानदार नकली स्पेयर पार्ट्स बेच रहे हैं।टीवीएस कंपनी के अधिकारियों ने यहां पुलिस के साथ मिलकर यहां मोटरसाइकिलों के स्पेयर पार्ट्स बेचने वाली दुकानों पर छापा मारा। इस दौरान दो दुकानों में टीवीएस कंपनी के नाम पर नकली स्पेयर पार्ट्स बरामद हुए। कंपनी की ओर से मुकदमा दर्ज कराए जाने पर पुलिस ने दोनों दुकानदारों को हिरासत में ले लिया है।गुरुग्राम में टीवीएस कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर अजय कुमार और जांचकर्ता पवन राघव ने बताया कि कंपनी को शिकायतें मिल रही थीं कि गंगीरी क्षेत्र में टीवीएस कंपनी का मार्का लगाकर आटो मोबाइल दुकानदार नकली स्पेयर पार्ट्स बेच रहे हैं। इस पर 20 जनवरी को गंगीरी चौराहा स्थित गंगा ऑटोमोबाइल और जेएमडी ऑटोमोबाइल की दुकानों पर पुलिस के साथ छापा मारा गया।दोनों दुकानों से ब्रेक शू, ऑयल, कटोरा, किलर सहित अन्य सामानों में टीवीएस कंपनी का फर्जी मार्का लगा था। असिस्टेंट मैनेजर अजय कुमार ने गंगा ऑटोमोबाइल के मालिक प्रमोद कुमार निवासी गांव डोरई थाना छर्रा और जेएमडी ऑटोमोबाइल के मालिक रो. हतास निवासी गांव हुसेपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों दुकानदारों को हिरासत में ले लिया है।

## सिकंदराराऊ सत्संग हादसा आरोपों पर .बहस जारी, 1 फरवरी को होगी सुनवाई

हाथरस। सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि के पिछले साल 2 जुलाई को सिकंदराराऊ तहसील के गांव फुलरई मुगलगढ़ी में आयोजित हुए सत्संग में भगदड़ मच गई थी। हादसे में 121 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि करीब 250 लोग घायल हुए थे।हाथरस सत्र न्यायाधीश सतेंद्र कुमार के न्यायालय में सत्संग हादसे के मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। सत्र न्यायालय में अभियुक्त पक्ष के अधिवक्ता एपी सिंह ने आरोपों पर बहस की। उनकी बहस पूरी नहीं हो पाई। अब इस मामले में सुनवाई के लिए न्यायालय ने एक फरवरी की तिथि नियत की है।उल्लेखनीय है कि सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि के पिछले साल 2 जुलाई को सिकंदराराऊ तहसील के गांव फुलरई मुगलगढ़ी में आयोजित हुए सत्संग में भगदड़ मच गई थी। हादसे में 121 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि करीब 250 लोग घायल हुए थे। न्यायालय में पुलिस ने इस



मामले में 11 आरोपियों के विरुद्ध 3200 पेज का आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने 676 गवाह बनाए हैं।  पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी देवप्रकाश मुधकर, मेघ सिंह, मुकेश कुमार, मंजू देवी, मंजू यादव, राम लड़ेते, उपेंद्र सिंह, संजू कुमार, रामप्रकाश शाक्य, दुर्वेश कुमार, दलवीर सिंह को आरोपी बनाया है। इस मामले की सुनवाई सत्र न्यायाधीश सतेंद्र कुमार के न्यायालय में हो रही है। सत्र न्यायालय में सोमवार को आरोपी पेश हुए। एक आरोपी उपेंद्र यादव की ओर से हाजिरी माफी प्रार्थना पत्र आया। देवप्रकाश मधुकर, मेघ सिंह व मुकेश की जमानत याचिका उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। यह तीनों आरोपी जिला कारागार से न्यायालय में पेश हुए। अभियुक्त पक्ष के अधिवक्ता एपी सिंह ने आरोपों पर बहस की।

## आगरा-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा

सादाबाद क्षेत्र में कुरसंडा गांव से मई गांव के बीच जोड़ने वाले मार्ग पर स्थित स्पीड ब्रेकर को हटा दिया गया है, जिसके बाद से यहां दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मतपहले कुरसंडा में मुख्य मार्ग के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर लगे हुए थे, जिसकी वजह से वाहन धीमी गति से चलते थे। हाल ही में राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत के दौरान इन स्पीड ब्रेकरों को हटा दिया गया। इसके साथ ही कुरसंडा में भी मार्ग पर लगे ब्रेकर हटा दिए गए।आंदोलन करने को मजबूरस्थानीय निवासियों का कहना है कि स्पीड ब्रेकर हटने के बाद से पिछले एक महीने में ही इस मार्ग पर 5 गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें पुनः स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही स्पीड ब्रेकर नहीं लगाए गए तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि यह मामला सीधे तौर पर क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है।

## हाथरस के सादाबाद में आज एक गंभीर घटना सामने आई।

हाथरस : आगरा रोड स्थित अंबेडकर पार्क में स्थापित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को कुछ शरारती तत्वों ने पत्थर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया।घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम संजय कुमार, सीओ हिमांशु माथुर और कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र राघव पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। घटना के समय सादाबाद तहसील में समाधान दिवस का आयोजन चल रहा था, जिसमें जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति के कारण अधिकांश प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल वहीं व्यस्त थे।पुलिस जांच में जुटीघटना के बाद मौके पर एकत्र हुई भीड़ में रोष था और लोग हंगामा कर रहे थे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौजूद अधिकारियों ने भीड़ को समझाया और आश्वासन दिया कि प्रतिमा की मरम्मत कराई जाएगी तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीओ हिमांशु माथुर ने स्पष्ट किया कि इस मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और प्रतिमा की शीघ्र मरम्मत करवाई जाएगी। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## हाथरस के सासनी क्षेत्र स्थित गांव भीम नगरिया विधैपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

हाथरस के सासनी क्षेत्र स्थित गांव भीम नगरिया विधैपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में आज एक अनूठा दृश्य देखने को मिला। कथावाचक प्रियंका दीदी द्वारा श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते समय आसमान से हेलीकॉप्टर के माध्यम से पुष्प वर्षा की गई, जिसने कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया। कथा के दौरान प्रियंका दीदी ने श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का रोचक वर्णन किया।उन्होंने पूतना वध, शकटासुर मोचन और माखन चोरी जैसी प्रसिद्ध लीलाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। कथावाचक ने इन लीलाओं के माध्यम से जीवन में धैर्य और विश्वास बनाए रखने का संदेश भी दिया।प्रियंका दीदी ने विशेष रूप से बताया कि भगवान की लीलाएं केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ये हर परिस्थिति में धर्म और सत्य का पालन करने की प्रेरणा देती हैं। कथा का समापन भजनों और आरती के साथ हुआ, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में परीक्षित की भूमिका सुग्रीव सिंह और विशंभर सिंह ने निभाई। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने इस दिव्य कथा का आनंद लिया।

## अज्ञात लोगो ने बीती देर रात दुकान के बाहर खड़ी गाड़ी में की तोड़फोड़, पुलिस जांच में जुटी है।

हाथरस। सदर कोतवाली क्षेत्र के घंटाघर हलवाई खाना बजरिया में  बीती देर रात कुछ  अज्ञात लोगों ने रात को करीब एक बजे के करीब दुकान के बाहर खड़ी गाड़ी में तोड़फोड़ करते हुए मौके से भाग गए।आपको बता दे की पूरा बाक्या सदर कोतवाली के हलवाई खाना बजरिया का हे। जहा बीती देर रात दुकानदार अपनी में सो रहा था तभी देर रात करीब एक बजे कुछ अज्ञात लोगो ने लाठी डंडों से उसकी दुकान के बाहर खड़ी गाड़ी में जमकर तोड़फोड़ कर दी। आवाज सुनकर दुकानदार ने देखा तो हल्ला मचा दिया तो अज्ञात युवक मौके से फरार हो गए। वही सुबह घटना की जानकारी के बाद सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मामले को संज्ञान लेकर घटना की जांच पड़ताल में जुट गए। वही दुकान मालिक ने जानकारी देते हुए बताया की में शहर के ही गांव जोगिया का निवासी हूं मेरा नाम राजकुमार उपाध्याय है बीती देर रात कुछ बदमाशो ने गाड़ी से तोड़फोड़ की है हल्ला मचाने पर वह भाग गए सुवह घटना की जानकारी के बाद सदर कोतवाली पुलिस मौके पर आ गई जॉच पड़ताल कर आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिया।

## हाथरस में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर

हाथरस में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने पुलिस लाइन में परेड रिहर्सल का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सादाबाद हिमांशु माथुर और प्रतिसार निरीक्षक राजकुमार सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।परेड में कुल 8 टोलियां हिस्सा लेंगी, जिनमें सिविल पुलिस, पीएसी और महिला पुलिस शामिल हैं। सीओ सादाबाद परेड कमांडर होंगे, जबकि प्रति. सार निरीक्षक द्वितीय कमांडर और सुशील कुमार तृतीय कमांडर की भूमिका निभाएंगे। महिला टोली का नेतृत्व रितु तोमर करेंगी।परेड में मोटरसाइकिल दस्ता, पीआरवी वाहन, बज्र वाहन, रेडियो शाखा, फील्ड यूनिट, श्वान दल और फायर



ब्रिगेड की गाड़ियां भी शामिल होंगी। 24 जनवरी को ग्रांड रिहर्सल होगा। एसपी ने परेड में एकरूपता, साज-सज्जा और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने प्रतिसार निरीक्षक को परेड ग्राउंड और पुलिस लाइन की समुचित साज-सज्जा और सफाई के लिए निर्देश दिए। साथ ही गणतंत्र दिवस पर आने वाले अतिथियों की बैठने की व्यवस्था और अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों का भी जायजा लिया।

# दो लोगों की हार्ट अटैक से मौत

सदर कोतवाली क्षेत्र के मुरसान गेट स्थित विजय नगर निवासी 75 वर्षीय रमेशचंद्र को अचानक सीने में दर्द होने लगा। परिजन उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए। यहां चिकित्सक ने रमेशचंद्र को मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार उनकी मौत हार्ट अटैक से हुई है। इधर, अहियापुर निवासी 50 वर्षीय गंगाराम को भी सीने में दर्द होने पर परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार उनकी मौत हार्ट अटैक से हुई है।



# कासगंज में सनसनीखेज वारदात... रिटायर्ड एडीएम की दिनदहाड़े हत्या

## ,मिनाक्षी गेस्ट हाउस में मिली खून से लथपथ लाश

कासगंज कोतवाली सदर इलाके में रिटायर्ड एडीएम राजेंद्र प्रसाद कश्यप की निर्मम हत्या हो गई। राजेंद्र प्रसाद कश्यप का सोरों रोड पर मीनाक्षी गेस्ट हाउस है। जहां पर राजेंद्र प्रसाद कश्यप गेस्ट हाउस में अकेले ही रहते थे। उनका परिवार गाजियाबाद में रहता है।सुबह के समय नौकर ने उनकी लाश को खून से लथपथ पड़ा हुआ देखा। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। सेवा. निवृत्त एडीएम की हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। हत्या किसने की इस बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।पुलिस के अनुसार सिर में चोट के निशान है। जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। नौकर ने सुबह उन्हें फोन किया। फोन रिसीव नहीं होने पर





नौकर तलाशते हुए टीन शैड की ओर पहुंचा, तो वहां सेवानिवृत्त एडीएम की लाश पड़ी हुई थी।पुलिस अधिकारी मौके से सभी महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटा रहे हैं। आसपास के लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। घटना के कारणों और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि जल्द ही इस मामले में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।एसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि रिटायर्ड ।क्ड की मौत की सूचना मिली थी। घटना के बाद उनके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट होगी। शरीर पर चोट के निशान पाए गए है। मौत सुबह 3 बजे के बाद हुई है। फिलहाल फोरेंसिक की टीम जांच कर रही है।

## दहेज न देने पर पेट में मारी लात, मरा गर्भस्थ शिशु

एटा। थाना सकीट में पूजा निवासी दत्तपुर ने पति संदीप कुमार निवासी मिलावली थाना जसराना जिला फिरोजाबाद सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि अतिरिक्त दहेज में 2 लाख रुपये और बुलेट बाइक नहीं दी तो पति ने पेट में लात मार दी, जिससे गर्भस्थ शिशु मर गया।पूजा उर्फ सरस्वती ने बताया कि पिता कश्मीर सिंह ने 4 मई 2023 को संदीप कुमार के साथ विवाह किया था। उस समय अपनी सामर्थ्य के अनुसार सामान, आभूषण और 3.50 लाख रुपये दिए थे। कुछ समय बाद ही पति संदीप कुमार, ससुर प्रेमपाल सिंह, सास स्नेहलता और जेठ विशेष कुमार उर्फ चिंटू अतिरिक्त दहेज में बुलेट बाइक और 2 लाख रुपये की मांग करने लगे। बात–बात पर कम दहेज देने का ताना मारते हुए मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान करने लगे। गर्भवती होने के बाद भी मुझे भूख प्यासा रखते थे और बच्चा गिराने की दवा विटामिन की बताकर खिलाते थे।आरोप लगाते हुए बताया कि 25 जुलाई को इन लोगों ने मुझे पीटा और वापस मायके जाने को कहा। मैंने कहा कि गर्भावस्था में मायके में कैसे रहूंगी तो पति ने पेट में लात और घूसे मारे। इसके बाद यह लोग मुझे मायके के पास कुंजपुर वाले मोड़ पर छोड़कर भाग गए। मायके पहुंची तो शाम को पेट में तेज दर्द होने लगा, परिजन जिला अस्पताल लाए। यहां चिकित्सक ने कहा कि बच्चे की धड़कन नहीं चल रही है। एक निजी नर्सिंग होम में ऑपरेशन से मृत बच्चा पैदा हुआ। सीओ सकीट ने बताया कि अदालत के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच–पड़ताल की जा रही है।

## किसान गोष्ठी सम्मेलन का आयोजन

आज दिनांक 21 1 2025 को कासगंज के ग्राम सतपुरा माफी मैं किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें शिव शक्ति एग्री टेक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी कृषि अधिकारी रमेश कुमार ने बताया की ज्यादा रासायन प्रयोग करने से भूमि की उर्वरक क्षमता लगातार कम होती जा रही है एवं जीवित जीवाणु तथा भूमि में सूक्ष्म पोषक तत्व की कमी होती जा रही है इसलिए कैल्शियम सल्फर मैगनीज तथा वर्मी कंपोस्ट डालने की सलाह दी जिसमें किसानों को अधिक से अधिक जैविक खेती करने पर जोर दिया जा रहा है जिससे भूमि की उर्वरक क्षमता बनी रहे जिससे शिव शक्ति कंपनी के कुछ उत्पाद विजया सीएमएस विजया पोटाश विजया फोरम और सूक्ष्म पोषक तत्व डालने की सलाह दी जिससे हमारी मृदा मिट्टी की क्षमता बरकरार बनी रहे जिसमें गांव के प्रधान मनपाल सिंह योगेश कुमार राजेंद्र सिंह भगवानदास अतर सिंह दिनेश विनोद इत्यादि किसान लोग उपस्थित रहे



## एटा जिले के मारहरा कस्बे में सूखी . लकड़ी इकट्ठा करने गई 52 वर्षीय महिला . की तालाब में डूबने से मौत

एटा जिले के मारहरा कस्बे में एक दुखद घटना में सूखी लकड़ी इकट्ठा करने गई 52 वर्षीय महिला की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मखबूलगंज की रहने वाली जावित्री देवी सुबह करीब 11 बजे मारहरा–मिरहची रोड स्थित खेतों से घर के लिए सूखी लकड़ी लेने गई थीं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीएम जुबैरी ले गएघटना उस समय हुई जब वह तालाब के पास से गुजर रही थीं और उनका पैर अचानक फिसल गया। एक राहगीर महिला ने आसपास के लोगों को इस घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और जावित्री को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीएम जुबैरी ले गए।अस्पताल में चिकित्सकों ने जावित्री को मृत घोषित कर दिया। हालांकि परिवार ने पुलिस को घटना की सूचना दी, लेकिन उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और शव को सीधे घर ले आए। इस घटना से पूरे परिवार में शोक की लहर है।



## कासगंज सोरों नगर पालिका में भ्रष्टाचार का आरोप.19 बिंदुओं पर विहिप व बजरंग दल ने मांगा हिसाब

कासगंज /विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के नेताओ ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन किया। साथ ही नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार का आरोप लगाकरजिलाधिकारी को संबोधित 19 सूत्रीय ज्ञापन एडीएम को सौंपकर पालिका द्वारा दो कार्यकाल में कराए गए कार्यो की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने मांग की। साथ ही कार्रवाई न होने पर अनशन पर बैठने की चेतावनी प्रशासन को दी।विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के नेता सुधांशु भारद्वाज के नेतृत्व में आधा दर्जन लोग कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। जहां उन्होंने डीएम मेधा रूपम को संबोधित 19 सूत्रीय ज्ञापन एडीएम राकेश पटेल को सौंपा। बजरंग दल के नेता गोविंद महेरे ने बताया कि पूर्व चेयरमेन मुन्नी देवी द्वारा 2022 से 2023 तक का रत्नावली गेस्ट हाऊस के ठेके का एक वर्ष का नवीनीकरण किया गया था। अधिकारियों की मिलीभगत से 23 को 28 कर दिया है। जिसकी जांच कराई जाए। साथ ही उन्होंने रत्नावली बारात घर की निविदा को कहां प्रसारित किया गया। उसको सार्वजनिक किया जाए। सात साल का ठेका देने को कहा गया था, वह 2023 तक था, लेकिन उसे फर्जी तरीके से 2028 तक कर दिया गया। कासगंज गेट से पुरानी बैंक ऑफ बड़ौदा सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच



कराई जाए। मेला के नाम पर कितना रुपया आया, कितना कहां खर्च किया गया। उसका ब्योरा दिया जाए। विगत वर्ष वराह गेस्ट हाऊस का ठेका ई–टेंडर द्वारा किया गया था। वह कितने लाख का टेंडर था और पिछली बार कितना रुपया जमा हुआ। सब्जी मण्डी शौचालय का ठेका किसके नाम पर है। 2024 व 2025 स्ट्रीट लाइटे किस फर्म से आईं व कितनी लगाई गईं इसकी लोकेशन सहित फोटो की जांच कराई जाए। गंगा बाराह द्वार व द्वारिकाधीश का नाम हटाकर रामेश्वर दयाल महेरे कर दिया गया इसको तत्काल बदलवा दिया जाए। जयप्रकाश दुबे चतुर्थ कर्मचारी को प्रधान लिपिक बनाया गया है। उसे तत्काल हटाया जाए। मेले की पुताई पिछली वर्ष 3 लाख रूपये के लगभग हुई थी इस वर्ष 2024 में मेले की पुताई 10. 84 लाख की हुई है। इसकी जांच की जाए। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ 420 का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए। मांग करने वालों में आकाश गोस्वामी, यश महेरे, लोकेश, निखिल निर्भय, निक्की निर्भय सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। जांच के बाद होगी कार्रवाई एडीएम राकेश पटेल ने बताया कि विहिप और बजरंग दल द्वारा नगर पालिका में भ्रष्टाचार की 19 शिकायतों मिली हैं। जिसकी जांच कराई जाएगी। टीम को गठित कर दिया है। जांच एसडीएम, कोमल पवार, और एसडीएम अनेग सिंह द्वारा पूरी कर रिपोर्ट डीएम मेधा रूपम को सौंपी जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने पर पालिका में संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## जमीनी विवाद में तंबाकू की फसल पर जहरीली दवा डालीएटा में 5 बीघा फसल बर्बाद, दबंग पर जमीन हड़पने का आरोप

एटा जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद ने एक गंभीर मोड़ ले लिया है। हरिसिंह पुर गांव में किसान की तंबाकू की फसल पर जहरीली दवा डालकर उसे बर्बाद कर दिया गया। पीड़ित किसान छत्रपाल सिंह ने स्थानीय दबंग उदयराज उर्फ बबलू और दो अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ अलीगंज कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। छत्रपाल सिंह का आरोप है कि आरोपी बबलू ने किसी अन्य भूमि का बैनामा कराया है, लेकिन कब्जा उनकी जमीन पर करना चाहता है। पीड़ित के अनुसार, आरोपी पहले भी जमीन की बिक्री के लिए ग्राहक लेकर आया था और खेत जोतने का प्रयास भी कर चुका है। जमीन हड़पने की इसी साजिश के तहत उनकी पांच बीघा तंबाकू की फसल में जहरीली दवा डाल दी गई, जिससे पूरी फसल नष्ट हो गई।अलीगंज थाना प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर ने बताया कि मामले में शिकायती पत्र मिलते ही जांच टीम को मौके पर भेजा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच में तथ्य सामने आने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। यह घटना स्थानीय स्तर पर जमीनी विवादों की गंभीरता को दर्शाती है, जहां आर्थिक नुकसान पहुंचाकर किसानों को परेशान किया जा रहा है।

### सहावर। जिले की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

डीएम, एएसपी ने सहावर तहसीलस सभागार में फरियादियों की शिकायतों सुना। इस दौरान आईं 25 शिकायतों में से सिर्फ दो का ही मौके पर निस्तारण किया गया। डीएम ने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि फरियादियों की समस्याओं को लंबित न रखा जाए। राजस्व संबंधी प्रकरणों में पुलिस के साथ समन्वय बनाकर उनका जल्द से जल्द निस्तारण करें।

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला ब्यूरो चीफमंडल ब्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संपादक
मो:-8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिंन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा